# रणजीत टाइम्स

RNI - NO. MPHIN/2015/64585

वर्ष- 11 अंक - 48

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 7 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक

पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रु.


# बैंक मैनेजर से ठगी का प्रयास घंटेभर रखा डिजिटल अरेस्ट

## मनी लॉण्ड्रिंग केस को दिया झांसा, सास का दिमाग न चलता तो लगती चपत

**भोपाल**। राजधानी के कोलार इलाके में रविवार शाम एक बैंक मैनेजर को साइबर ठगों ने उनके ही घर में एक घंटे तक डिजिटल रूप से बंदी बना लिया। ठगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर महिला को 2.56 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की। डर के मारे महिला अपने कमरे में बंद हो गईं और ठगों के निर्देशों का पालन करती रहीं। परिवार को शक होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ठग भाग गए। रविवार शाम करीब 4.30 बजे बैंक ऑफ इंडिया की असिस्टेंट मैनेजर, प्रणाली टिकेकर, को एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके खाते से 2.56 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। महिला ने इस आरोप से इनकार किया और कहा कि उन्होंने ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया।



### वीडियो कॉल पर दिखे अधिकारी

इसके बाद ठगों ने महिला को वीडियो कॉल करने को कहा। वीडियो कॉल पर वदीर्धारी पुलिस अधिकारी दिखाई दिए, जिन्होंने महिला को बताया कि उन्हें डिजिटल रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। यह सुनकर महिला डर गईं और अपने कमरे में बंद हो गईं। करीब एक घंटे तक ठग उनका बयान दर्ज करते रहे।

### पुलिस को दी सूचना

घटना संदिग्ध लगने पर महिला की सास ने अपने एक रिश्तेदार को जानकारी दी। रिश्तेदार ने परिवार को कोलार थाने जाने की सलाह दी। पूरा परिवार थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोलार पुलिस तुरंत महिला के घर पहुंची। असली पुलिस को देखकर साइबर ठग घबरा गए। उन्होंने कुछ सवालों के जवाब दिए और फिर कैमरा बंद करके भाग गए। एडिशनल डीसीपी मलकीत सिंह ने बताया कि महिला को करीब एक घंटे तक डिजिटल रूप से बंदी बनाकर रखा गया था। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही ठग भाग निकले।

### क्या होता है डिजिटल

डिजिटल ठगी में लोगों को घर में ही कैद करके उनसे पैसे ऐंठे जाते हैं। ठग आपको गिरफ्तारी का डर दिखाकर घर में ही कैद कर देते हैं। वीडियो कॉल करके वे अपना बैकग्राउंड पुलिस स्टेशन जैसा दिखाते हैं। वे ऑनलाइन मॉनिटरिंग करते हैं कि आप कहां जा रहे हैं। बैंक अकाउंट सीज करने और गिरफ्तारी की धमकी देते हैं। ऐप डाउनलोड करवाकर फर्जी डिजिटल फॉर्म भरवाते हैं। डमी अकाउंट बताकर उसमें पैसे ट्रांसफर करवाते हैं। डिजिटल अरेस्ट में आपको 24७7 एक कमरे में कैमरे के सामने रहना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो सकता है। जो लोग अपडेट नहीं रहते, उनके डिजिटल अरेस्ट होने का खतरा ज्यादा होता है।

### डिजिटल गिरफ्तारी की पहचान कैसे करें?

अगर आपको नारकोटिक्स, साइबर क्राइम, आईटी या ईडी अफसर के नाम से कॉल आए, तो सावधान हो जाएं। अगर साइबर ठग आपकी कोई ऐसी गलती बताएं, जिसके बारे में आपको पता ही न हो, तो समझ जाइए कि यह ठगी हो सकती है। अगर आपको डिजिटल अरेस्ट करने की जानकारी दी जाए, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# सीएम बोले- साहिबजादों के बलिदान को कोर्स में किया जाएगा शामिल

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर भोपाल हमीदिया रोड गुरूद्वारा में मत्था टेका। इस अवसर पर उनहोंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। देश के स्वाभिमान और संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अपने परिवार को कुर्बान कर देने वाली गुरू जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है। गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर यह बताया कि देश और संस्कृति के लिए हथियार उठाकर बहादुरी के साथ लड़ना जरूरी है। धर्म, संस्कृति और इतिहास को बचाने का उनका प्रयास सम्पूर्ण विश्व के सामने एक प्रभावी, अतुलनीय और अद्भुत उदाहरण है। हर युग और हर काल में उनकी शहादत याद रखी जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह इस रूप में भी भाग्यशाली थे कि उनके परिवार के छोटे से छोटे बच्चे में भी देश, धर्म व संस्कृति के लिए गौरव की अनुभूति थी और वह अपने धर्म और जीवन मूल्यों के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर था। गुरू गोबिंद सिंह ने कई आध्यात्मिक प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास किया। उन्होंने सभी गुरूओं के पवित्र वचनों को एकत्र करते हुए गुरू ग्रंथ साहब को पंथ के मार्गदर्शक का स्वरूप प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरू तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व सहित अन्य आयोजनों में राज्य शासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर के मौके पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड की व्यवस्थाओं को संभालने वाले बच्चों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्मृति-चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया गया। उन्होंने गुरूद्वारे में सेवा भी की और उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन किया। इस अवसर पर सुश्री नेहा बग्गा का सम्मान भी किया गया।

# सारिका ने प्रदर्शनी के जरिये पक्षियों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**भोपाल**। हमारे जीवन तंत्र एवं मनुष्य के साथ गहरा संबंध रखने वाले पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने भारत के विभिन्न राज्य पक्षी की प्रदर्शनी का आयोजन किया। राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में पक्षियों के व्यवहार एवं प्रकृति से उसके सम्बन्ध को बताया गया। पक्षियों की पहचान एवं उनके नाम की जानकारी दी गई। सारिका ने बताया कि पक्षियों के आश्रय के लिए हमें वृक्षों को बचाना होगा। इसमें पतंग के माझे से पक्षियों को होने वाले नुकसान के प्रति सतर्क किया गया।

# बेखौफ चोर... पुलिस अधिकारियों के घर को ही बना रहे निशाना

**भोपाल**। राजधानी कहने को तो भोपाल है। यहां पर पुलिस कमिश्नरी सिस्टम चल रहा है लेकिन यहां बदमाश पुलिस से डरते नहीं! ऐसा लगता है कि वे पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। आओ, दम है तो पकड़कर दिखाओ। यह बात हम नहीं कह रहे। एक महीने के भीतर भोपाल में ऐसी तीन वारदातें हो गईं, जिसमें अधिकारी रैंक के पुलिस के 2 इंस्पेक्टर के घर चोरी हो चुकी है। एक मामले में तो चोरों ने सरकारी गाड़ी में चोरी करने पहुंचे। ताजा मामला एक पुलिस इंस्पेक्टर के घर 20 लाख रुपए की चोरी का है। कोलार थाना क्षेत्र स्थित कवर्ड दानिश हिल्स व्यू कॉलोनी में रहने वाले इंस्पेक्टर से घर से चोर बीस लाख रुपए का माल उड़ा ले गए। यह इंस्पेक्टर रेडियो शाखा में कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस का यह परिवार 31 दिसंबर से अपने शासकीय आवास में था। जब वे अपने घर पहुंचे तो चोरी हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार रेडियो शाखा में पदस्थ इंस्पेक्टर नरोत्तम चौहान की पत्नी सुमन चौहान और उनका परिवार दानिश हिल्स व्यू कॉलोनी के मकान नंबर 4/166 में रहते हैं। हालांकि ड्यूटी के चलते नरोत्तम चौहान भदभदा स्थित रेडियो कॉलोनी में अपने सरकारी आवास में रहते हैं। छुट्टियों में पत्नी-बेटे के साथ अपने निज निवास में रहने आते हैं। चोरी निजी घर में हुई। इससे पहले 19 दिसंबर को भोपाल में क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर के घर चोरी हो गई थी। पुलिसकर्मी अपने बेटे को लेने स्कूल गया हुआ था। इस दौरान चोर ने घर का ताला तोड़कर 7 लाख रुपए और गहने चोरी कर फरार हो गया। घटना घर में सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वहीं, 31 दिसंबर को अवधपुरी क्षेत्र में तीन चोरों ने चोरी करने के लिए सरकारी कार का उपयोग किया था। वे चोरी करने के लिए एक एएसआई के घर में घुस गए थे।



रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

# इंदौर: राशन माफिया पर एक्शन


## MIC सदस्य मनीष मामा ने पकड़ा 200 क्विंटल गेहूं-चावल



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इंदौर। एक बार फिर एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा मामा ने शासकीय राशन की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया है। गांधीनगर स्थित गोदाम पर छापामार कर करीब 200 क्विंटल गेहूं और चावल पकड़ा,जिसकी खाद्य विभाग की टीम के द्वारा जांच की जा रही है। आज हिंदू संगठन के कन्नू मिश्रा और मानसिंह राजावत की सूचना पर गांधीनगर स्थित अवैध राशन के भंडारण एवं गोदाम की जानकारी मिलने पर मनीष मामा जी के द्वारा वहां पर छापा मारा गया जहां पर बड़ी मात्रा में अवैध चावल जो प्रथम दृष्टिया सरकारी प्रतीत हो रहा था वह वहां से एक अवैध परिवहन करने वाले लोडिंग रिक्शा में जप्त की गई।

इन सबके जानकारी जब मनीष मामा के द्वारा माननीय कलेक्टर इंदौर शहर एवं फूड कंट्रोलर मारू जी एवं उनके टीम को दी गई तब वहां से उन्होंने अपनी फूड की टीम के वरिष्ठ सहायक अधिकारी राहुल शर्मा अंकुर गुप्ता एवं शिव व्यास जी को भेजा गया जिनके द्वारा जांच के पश्चात इस अवैध द्वारा धंधे में किसी खलील गंजा निवासी जिंसी हाट मैदान का नाम सामने आ रहा है, साथ ही मनीष मामा ने चेतावनी विधि है कि मेरे कार्रवाई अवैध राशन माफियाओं पर निरंतर जारी रहेगी साथ ही मनीष मामा जी के द्वारा फूड विभाग की टीम को भी धन्यवाद दिया गया जो उनकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हैं।



गौरव रणदिवे
नगर अध्यक्ष, इंदौर

भारतीय जनता पार्टी
Bhartiya Janata Party

क्रं. 04 / 2025 दिनांक : 06.01.2025

प्रति,


जीतू यादव
महापौर परिषद सदस्य
इन्दौर नगर निगम

**विषय : दिनांक 04.01.2024 को भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के परिवार के साथ हुई घटना के सम्बंध में आपके स्पष्टीकरण विषयक।**

उपरोक्त विषयांतर्गत भाजपा पार्षद कमलेश कालरा द्वारा भाजपा कार्यालय पर आकर शिकायत की गई कि मेरे वार्ड से सम्बंधित किसी विषय पर मैंने झोन के भवन निर्माण शाखा के कर्मचारी को कुछ निर्देश दिये थे जिस पर उसने मेरा कहा ना मानते हुए मुझे पार्षद जीतू यादव का रिश्तेदार बताकर दुर्व्यवहार किया था। बाद में झोन के भवन अधिकारी द्वारा उक्त कर्मचारी की गलती मानते हुए मुझसे फोन पर उसकी बात करवाई गई जिस पर स्वाभाविक रूप से मैंने उक्त कर्मचारी को डांट लगाई। उसके बाद कतिपय 50–60 गुंडेतत्वों द्वारा मेरे घर पर हमला किया गया और मेरे परिजन को गंभीर चोट पहुँचाई गई।

इस प्रकार घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए पार्षद कमलेश कालरा ने हमले की घटना में आपके शामिल होने की बात कही है। अतः आप लिखित रूप में आगामी 02 दिवस में उक्त विषय पर अपना स्पष्टीकरण देकर संगठन को वास्तविकता से अवगत कराऐं।

गौरव रणदिवे
नगर अध्यक्ष
भाजपा इन्दौर महानगर



गौरव रणदिवे
नगर अध्यक्ष, इंदौर

भारतीय जनता पार्टी
Bhartiya Janata Party

क्रं. 05 / 2025 दिनांक : 06.01.2025

प्रति,

कमलेश कालरा
पार्षद वार्ड–65
इन्दौर नगर निगम

**विषय : आपके द्वारा दिनांक 03.01.2024 को निगमकर्मी को धमकाने के सम्बंध में स्पष्टीकरण बाबद्।**

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके खिलाफ दिनांक 03.01.2025 को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें आप निगम के कर्मचारी को धमकी दे रहे हैं। उक्त ऑडियो के कारण पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। अतः आप आगामी 02 दिवस में उक्त विषय पर अपना लिखित स्पष्टीकरण देकर संठन को वास्तविकता से अवगत करावें।

गौरव रणदिवे
नगर अध्यक्ष
भाजपा इन्दौर महानगर

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

## महापौर परिषद सदस्य जीतू यादव एवं पार्षद कमलेश कालरा को नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कारण बताओं नोटिस जारी किया।

# मतदाता सूची का प्रकाशन मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ संपन्न





**दैनिक रणजीत टाइम्स संवाददाता जगदीश पाल**

खनियाधाना! तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिवम उपाध्याय ने बताया की भारत निर्वाचन आयोग समय-समय पर मतदाता सूची का अद्यतन करता है इस क्रम में अभी हाल ही में नवीन युवाओं के नाम मतदाता सूची में बढ़ाये गये थे मृत एवं शिफ्टिंग के नाम हटाए जाने के उपरांत आज दिनांक 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें आज नगर खनियाधाना के समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केदो पर एकत्रित हुए, नागरिकों की उपस्थिति में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया! खनियाधाना नगर भाग संख्या 220 से 230 तक के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया !

### खनियाधाना नगर में बूथ क्रमांक और संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों की जानकारी निम्नलिखित है:

- बूथ क्रमांक 220 - ऋषभ जैन
- बूथ क्रमांक 222 - कैलाश नारायण अहिरवार
- बूथ क्रमांक 223 - प्रवीण सोनी
- बूथ क्रमांक 224 - दिनेश अहिरवार
- बूथ क्रमांक 225 - रमेश कोहली
- बूथ क्रमांक 226 - मनोज कोली
- बूथ क्रमांक 228 - सरमन वंशकार
- बूथ क्रमांक 229 - विनोद सेन
- बूथ क्रमांक 230 - आशीष साहू

मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे 25 जनवरी को मतदाता दिवस के अवसर पर 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होने पर अपने संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करें और अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं।



## मल्हारगंज थाने में पदस्थ कार्यवाहक उपनिरीक्षक रमेश कुशवाह का निधन,कार्डियक अटैक आने से से हुई मौत,शव पोस्टमार्टम के लिए एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया

# इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 'सृजन' कार्यक्रम के तहत राजेन्द्र नगर क्षेत्र के सृजन विद्यालय में पहुंच, की गयी एक नई पहल की शुरूआत





**दीपक वाडेकर**

बालिकाएं उनके साथ होने वाली किसी भी परेशानी/शोषण आदि की शिकायत, अपनी पहचान छुपाते हुए निर्भिक होकर पुलिस तक पहुंचा सकें, इसके लिये स्कूल मे लगाया गया एक "उर्जा बॉक्स"। शहर के स्कूल/कॉलेज व कॉलोनियों/बस्तियों आदि सार्वजनिक स्थानों में, महिलाओं की गोपनीय शिकायतो के लिये लगाएं जाएंगे ये "उर्जा बॉक्स"। पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं से संवाद कर, उन्हें सृजन कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य बता, किया इससे जुड़ने के लिये प्रेरित।

इन्दौर। महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने तथा उनकी सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए,पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार व अति. पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में, इन्दौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री अंकित सोनी व अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) श्रीमती प्रियंका डुडवे के मार्गदर्शन में आज दिनांक 06 जनवरी 2025 को महिला सुरक्षा शाखा की पुलिस टीम एक नए स्कूल का सृजन विद्यालय के रूप में चयन कर, थाना राजेन्द्र नगर क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजलपुर पहुँची। पुलिस टीम ने 'सृजन - नई दिशा नया गगन' कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल की 6 वी से 10 वीं कक्षा की 12 से 18 वर्ष की लगभाग 200 बालिकाओं को सृजन कार्यक्रम के उद्देश्य व कार्यप्रणाली के बारें में जानकारी दी। विगत दिनों क्षेत्र में पुलिस दीदी और आंगनवादी कार्यकर्ताओ द्वारा सर्वे किया जाकर बच्चियों को से संपर्क कर, उन्हें व्हाट्स अप ग्रुप के माध्यम से भी जोड़ा गया है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वह इंदौर पुलिस से वन क्लिक कांटेक्ट कर अपनी परेशानी बता सके।

आज उक्त बालिकाओं के बीच ही पहुंचकर सहायक पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा) श्रीमती सोनू डाबर ने कहा कि ये सृजन कार्यक्रम आपके लिये ही बनाया हैं, आप इससे जुड़कर, आपके क्षेत्र की पुलिस दीदी के संपर्क में रहेगें और आप उनसे अपनी समस्याएं आदि को आपस में साझा भी कर सकती हैं, ताकि वह आपकी मदद कर सकें। साथ ही उन्होनें बच्चों से जुड़े सामान्य अपराधों व सामाजिक बातों की जानकारी देकर, उक्त सृजन कार्यक्रम से जुड़ने के लिये प्रेरित किया तथा उनसें उनके क्षेत्र के सामाजिक परिदृश्य व आपराधिक पृष्टभूमि के संबंध में भी जानकारी ली व बच्चियों के सवालों के जवाब भी दिए। उप निरीक्षक शिवम ठक्कर ने सृजन कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पुलिस के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से भी अवगत करवाया, साथ ही वर्तमान के साइबर अपराधों के साथ ही नषे के दुषरिणामों के बारें में भी सभी को जागरूक किया। वही उप निरीक्षक शिल्पी पाटीदार प्रभारी ऊर्जा डेस्क थाना राजेन्द्र नगर द्वारा बालिकाओं को ऊर्जा डेस्क के संबंध में जानकारी दी व विभिन्न प्रकार के केस के उदाहरण देकर उन्हें महिलाओं व बालिकाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों के बारें मे बताते हुए, ध्यान रखने वाली बातों की समझाईश दी।

इस अवसर पर *इन्दौर पुलिस कमिशनरेट द्वारा एक नई पहल शुरू करते हुए, स्कूल में एक "उर्जा बॉक्स" भी लगाया गया, जिससे कि बालिकाएं/महिलाएं अपनी पहचान छुपाते हुए निर्भिक होकर उनके साथ होने वाली किसी भी परेशानी/शोंषण आदि की शिकायत बिना हिचकिचाहट के पुलिस तक पहुंचा सकें। इस दौरान सहायक पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) श्रीमती सोनू डाबर, उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर, उप निरीक्षक शिल्पी पाटीदार, सउनि गयेन्द्र यादव व महिला सुरक्षा शाखा की टीम सहित विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रिति पंत व स्टाफ उपस्थित रहा। स्कूल की प्रिंसिपल व स्टाफ सहित बालिकाओं ने इन्दौर पुलिस के सृजन कार्यक्रम की सराहाना की और आभार व्यक्त किया।

## इंदौर मे 50 वर्षीय युवक की सीमेंट का ब्लॉक मारकर की हत्या

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार ने दिया कमिश्नर कार्यालय में ज्ञापन



**आदित्य शर्मा - 8224951278**

इंदौर। शहर में हत्या का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है वहीं शनिवार की रात को एक व्यक्ति के मकान के नीचे 50 वर्षीय व्यक्ति को कचरे को लेकर विवाद विवाद महंगा पड़ गया मकान में रहने वाले युवक ने ऊपर से सीमेंट का ब्लॉक कर पर फेंक दिया जिस व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

इंदौर के सदर बाजार थाना क्षेत्र की गाडरा खेड़ी में बब्बर नाम के 50 वर्षीय व्यक्ति की ऊपर से सीमेंट का ब्लॉक सर पर फेंकने से मौत हो गई वही मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक बब्बर नगर निगम के स्वास्थ विभाग में पदस्थ था और दोस्तो के साथ पार्टी कर अपने घर के पास में किसी से फोन पर बात कर रहा था उसी दौरान फोन पर किसी को गाली बक रहा था उसी दौरान मकान के ऊपर से युवक ने सीमेंट का ब्लॉक बब्बर के सर पर फेंक दिया जहां पास में ही खड़ा हुआ मृतक का भतीजा बब्बर को एमवाय हॉस्पिटल लेकर गया मगर डॉक्टरों ने बब्बर को मृत घोषित कर दिया बहरहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने उड़ाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां पैसों के कारण दलित मजदूर के शव को बनाया बंधक

**मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार की गाइड लाइन को भी किया दरकिनार**





**राष्ट्रीय बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार ने विजय नगर थाने में अस्पताल के खिलाफ दिया आवेदन**

1 जनवरी 2025 को दुर्घटना में घायल हुए आयुष कहार को राजश्री अपोलो अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था। दिनांक 4 जनवरी 2025 को सुबह आयुष कहार को अस्पताल प्रबंधन ने मृत घोषित कर दिया। जब पीड़ित परिवार मृतक का शव लेने गया तो अस्पताल प्रबंधन ने 2 लाख रुपए की मांगनी की ओर कहा कि पहले पैसे लाओ फिर शव ले जाना। उक्त घटना की जानकारी अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को प्राप्त हुई तो वह तत्काल अपने पूरे संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचे और उन्होंने वहां प्रदर्शन कर मृतक के परिजनों को बॉडी दिलाई वही बलाई समाज के अध्यक्ष मनोज परमार ने कहा कि ऐसे हॉस्पिटलों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही परमार ने विजयनगर थाना पहुंचकर उक्त अस्पताल को बंद करने के लिए दिया आवेदन।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार




# लौटने लगीं पाबंदियां, यहां जरूरी हुआ मास्क

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

HMPV ने पूरे देश की टेंशन बढ़ा दी है। भारत के 3 राज्यों में वायरस मिलने के बाद सभी को कोरोना वाले दिन याद आ रहे हैं। इस बीच सामाजिक पाबंदियों का दौर फिर लौटता दिख रहा है। कर्नाटक पहला राज्य बन गया है, जिसने मास्क जरूरी कर दिया है। कर्नाटक सरकार ने एडवाइजरी जारी कर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में अब तक दो बच्चों में HMPV की पुष्टि हुई है।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज




पेंशनधारकों को बड़ी राहत

## ईपीएफओ देशभर में लागू की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली



रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को देशभर में लागू करने का काम पूरा कर लिया है। इसके तहत दिसंबर 2024 के लिए 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 1,570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। सरकार के इस कदम से देशभर के पेंशनधारकों को बड़ा फायदा मिलेगा। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपना पेंशन भुगतान हासिल कर सकेंगे। आइए इस बारे में और जानें।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने देशभर के पेंशनधारकों को बड़ा तोहफा दिया है। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपनी पेंशन की राशि निकाल सकेंगे। ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को देशभर में लागू करने का काम पूरा कर लिया है। इसके तहत दिसंबर 2024 के लिए ईपीएफओ के सभी 122 पेंशन वितरण क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 1,570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पहला पायलट प्रोजेक्ट अक्तूबर 2024 में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपये के पेंशन वितरण के साथ सफलतापूर्वक पूरा हुआ था। दूसरा पायलट प्रोजेक्ट नवंबर 2024 में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में लिया गया, जिसमें 9.3 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 213 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई।

# अडाणी के खिलाफ तीन मामलों की सुनवाई एक साथ होगी, न्यूयॉर्क की एक कोर्ट ने दिया आदेश




### 2200 करोड़ के रिश्वत से जुड़ा है मामला

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

न्यूयॉर्क की एक कोर्ट ने उद्योगपति गौतम अडाणी समेत अन्य लोगों के खिलाफ अरबों रुपए की रिश्वतखोरी के आरोप के 3 मामलों की सुनवाई एक साथ करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने आदेश दिया कि इन मामलों की सुनवाई एक संयुक्त मुकदमे में एक साथ की जाएगी।

जिन मामलों की सुनवाई एक साथ की जाएगी उनमें वर बनाम अडाणी एवं अन्य (अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामला), सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन (रएउ) बनाम अडाणी एवं अन्य (अडाणी के खिलाफ सिविल केस) और रएउ बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ सिविल केस) शामिल हैं। कोर्ट ने यह फैसला तब दिया जब पाया कि ये मामले एक जैसे आरोप और लेन-देन से जुड़े हुए हैं।

कोर्ट ने कहा कि यह निर्णय ज्यूडिशियल एफिशिएंसी को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गरौफिस को सौंपेगा, जो अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामले की भी देखरेख कर रहे हैं। कोर्ट के कर्मचारियों को मामलों का पुनः आवंटन करने का निर्देश दिया गया है।

इससे पहले 21 नवंबर 2024 को यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस की ओर से कहा गया था कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर ( तब करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। बुधवार यानी 20 नवंबर को इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है।

### शेयर मार्केटः सेंसेक्स 720 अंक गिरा, निफ्टी भी 183 अंक लुढ़का, आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली

**मुंबई।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 720 अंक की गिरावट के साथ 79,223 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 183 अंक की गिरावट रही, ये 24,004 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, बैंकिंग, फार्मा, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.26 प्रतिशत और मीडिया सेक्टर में 1.70 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और जोमैटो ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया, जबकि, रिलायंस, टाटा मोटर्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सेंसेक्स को ऊपर खींचने की कोशिश की। एशियाई बाजार में जापान के निक केई में 0.96% की गिरावट और कोरिया के कोस्पी में 1।79न्न की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.57% की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, 2 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 1,506.75 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 22.14 करोड़ के शेयर खरीदे। 2 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.36 प्रतिशत गिरावट के साथ 42,392 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,868 और नैस्डैक 0.16 प्रतिशत गिरकर 19,280 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले कल यानी 2 जनवरी को सेंसेक्स 1436 अंक चढ़कर 79,943 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 445 अंक की तेजी रही, ये 24,188 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी देखने को मिली थी। ऑटो और आईटी शेयर्स में ज्यादा बढ़त थी। आयशर मोटर्स के शेयर में 8.55 प्रतिशत और मारुति सुजुकी के शेयर में 5.61 प्रतिशत तेजी देखने को मिली थी।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** नलखेड़ा के ग्राम कचनारिया में रहने वाले बलराम पिता हुकुमसिंह 25 वर्ष ने गुरूवार को खेत पर जाने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर घर पहुंचा और परिजनों को जहर खाने की बात कहीं। परिजन उसे आगर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी हालत काफी खराब हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। परिजन उसे चरक भवन लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार की शुरूआत होने से पहले उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि बलराम की शादी का 3 साल हुए थे। उसकी संतान नहीं थी। परिवार खेती किसानी करता है। जहरीला पदार्थ खाने का कारण पता नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच नलखेड़ा थाना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है।

### राजपूत बने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश महामंत्री

**उज्जैन।** देश के सबसे बड़े संगठन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना (एकीकृत राजपूत युवा संगठन) के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह चौहान ने कुंवर भगवान सिंह राजपूत लखाहेड़ा को प्रदेश महामंत्री एवं अजय सिंह राजपूत को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान जयमाडी, प्रदेश सचिव संजय सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष उज्जैन जितेंद्र सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र सिंह गौड़, जिला अध्यक्ष देवास अमृतसिंह राजपूत, एडवोकेट पुरुषोत्तम सिंह सिसोदिया सर, दिनेश सिंह बेस, कृपाल सिंह ठाकुर, माखन सिंह चौहान, अंकित सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह चौहान, तूफान सिंह, सरपंच जीवन सिंह बेस, जगपाल सिंह सिकरवार, लोकेंद्र सिंह, मनोहर सिंह मकवाना, जगदीश सिंह ठाकुर, जितेंद्र दरबार, जैनेंद्र सिंह पवार आदि पदाधिकारी एवं समाज जनों ने बधाई दी।

### मोबाइल के साथ आँखों का ख्याल थीम पर 5 जनवरी को होगा योग शिविर

**उज्जैन।** बदलते एआई के दौर मे अब मोबाइल, टीवी, कम्पयूटर से दूरी मुश्किल है, तो ऐसे में कैसे अपनी आँखों कि क्षमता को बढ़ाया जाए जिससे इलेक्ट्रॉनिक किरणों के बावजूद आंखे लंबे समय साथ दे, इस विषय पर 5 जनवरी रविवार को खंडेलवाल भवन में आंखों के लिए योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाज की प्रत्येक उप संस्था वैश्य पंचायत का महत्वपूर्ण अंग है। 5 जनवरी को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक आयोजित होने वाले योग शिविर में इस बार खण्डेलवाल प्रगति मण्डल की विशेष उपस्थिति रेखांकित रहेगी। योग गुरु पंकज शर्मा के निर्देशन में सर्वप्रथम स्ट्रेचिंग-व्यायाम उसके बाद योगासन फिर प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण प्राप्त होने के पश्चात सभी साथ में हेल्दी फूड स्प्राउट्स अल्पाहार का आनंद लेंगे। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत एवं खण्डेलवाल प्रगति मंडल ने सभी से योग शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### बसंत बहार म्यूजिकल कल्चरल सोसायटी ने किया नई प्रतिभाओं को सम्मानित

**उज्जैन।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में बसंत बहार म्यूजिकल कल्चरल सोसायटी द्वारा मक्सी रोड स्थित चकोर पार्क में रंगारंग संगीत का आयोजन किया गया। इसमें नगर के गायक सहित इंदौर, सुसनेर के कलाकारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि इंदौर के योगेंद्र महंत, बंटी बैरागी इंदौर, मनोहर बैरागी, श्याम सोलंकी, रवि शर्मा, आनंद खींची, पुरुषोत्तम मालवीय थे। अतिथियों द्वारा सैकड़ों नई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। गीतों की प्रस्तुति संयोजक दिलीप रानीवाल, अनिल कहार, जितेन्द्र बैरागी, मिताली रघुवंशी, सुनीता साहू, अश्लेषा नायक, राजेश सोनी सुसनेर, राजेश बैरागी, लोधी नीरज कुमार, शानू वर्मा, रवींद्र आयचीत, रामप्रसाद वर्मा, महेश प्रजापत, कैलाश गोयल, सुरेशचन्द्र सरवटे, सुनील माथुर ने गीतों की प्रस्तुति दी। आभार कैलाश गोयल ने माना।

# लोक नृत्य में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में संभाग स्तरीय लोक नृत्य एकल और लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता का आयोजन





**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत संभाग स्तरीय लोक नृत्य एकल और लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा समृद्ध शाली रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसके पुनर्स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के विभिन्न उपक्रम कर रहा है। नवीन पाठ्यक्रमों के निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करने का काम कर रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में भारतीय संस्कृति भी सम्मिलित है। भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे ग्रन्थों और साहित्य में शामिल है। भारतीय ज्ञान परंपरा सभी तरफ फैली हुई है।

प्रतियोगिताओं में संभाग के विभिन्न महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों ने लोक नृत्यों की सतरंगी छठा बिखेरी। स्वागत वक्तव्य डॉ शोभा मिश्रा ने दिया। संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ अल्पना दुभाषे ने किया। सरस्वती वंदना डॉ नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की। आभार प्रतियोगिता संयोजक डॉ अंशु भारद्वाज ने व्यक्त किया।

एकल नृत्य में शा. कन्या महाविद्यालय देवास की श्रद्धा चौहान ने प्रथम, शासकीय महाविद्यालय सैलाना की खुशी प्रजापत ने द्वितीय तथा शासकीय कला विज्ञान महाविद्यालय रतलाम की अनीता पांचाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन के दल ने द्वितीय स्थान तथा बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय शाजापुर के दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में कला गुरु डॉ पद्मजा रघुवंशी, डॉ हरिहर पोद्दार एवं हीना वासेन उपस्थित थे।

# आधुनिकता के साथ संस्कृत का प्रयोग करें संस्कृत जितनी पुरातन उतनी ही अवार्चीन - प्रो. जड्डीपाल

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**



संस्कृत भारती, मालवा द्वारा उज्जैन में आयोजित त्रिदिवसीय प्रान्त संस्कृत कार्यकर्ता सम्मेलन का समापन 2 जनवरी को किया गया। मार्गदर्शक के रूप में अभा सहसंगठन मंत्री दत्तात्रय वज्रल्लीजी ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन उत्साह में वृद्धि करते है। और संगठन का विस्तार होता है। संस्कृत की सेवा हमे बिना किसी स्वार्थ के करना चाहिए फिर ईश्वर स्वयं हमारी सहायता करते है। संस्कृत के विकास के बिना भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। राष्ट्र को शक्ति संपन्न बनाने हेतु संस्कृत ज्ञान की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत संभाषण को संस्कृति बनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय ने

कहा कि देववाणी आदिकाल से अनवरत संपूर्ण विश्व में अध्ययन के साथ आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।हमें संस्कृत का ज्ञान अवश्य होना चाहिए। प्रो.विरूपाक्ष जड्डीपाल, सचिव, महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान ,उज्जैन ने कहा कि समाज में वैदिक ज्ञान को प्रसारित करने वृहद स्तर पर कार्य हो रहा है।इस प्रकार के सम्मेलन संस्कृत कार्य को गति प्रदान करने हेतु अत्यंत आवश्यक है। महाराष्ट्र से पधारे समाजसेवक सुभाष वैद्य जी ने कहा कि सेवा ही धर्म और सेवा ही कर्म इस मंत्र के पालन करने की आवश्यकता है। इस ध्येय से हमारे जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन होंगे। उनकी संस्कृत सेवा एवं असाधारण कार्यों हेतु उन्हें संस्कृत सेवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हममें देने का भाव होना चाहिए। विशेष अतिथि कलावती यादव, सभापति, नगर निगम, उज्जैन ने कहा कि हमें अपने धर्म ग्रंथों को पढ़ने हेतु संस्कृत के ज्ञान की आवश्यकता है। तभी हमें धर्म के वास्तविक स्वरूप का बोध हो सकता है। कार्यक्रम में मध्यक्षेत्र संयोजक, भरत बैरागीजी पाणिनि विवि के कुलगुरु प्रो.विजय कुमार सीजी मालवा प्रान्त अध्यक्ष सीमा जिंदल प्रांतमंत्री सुरेंद्र शर्मा विभिन्न स्थानों से आए अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।संचालन डॉ.उपेंद्र भार्गव ने तथा आभार नगर जिला अध्यक्ष अभय तिवारी ने माना। कार्यक्रम में महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय तथा कालिदास संस्कृत अकादमी सहयोगी थी।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर 15वां युवा संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वर्णिम भारत मंच द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 12 जनवरी 2025 को शाम 6:00 बजे घंटाघर चौराहा, उज्जैन पर होगा। स्वर्णिम भारत मंच के तत्वावधान में आयोजित इस 15वें वार्षिक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार, 5 जनवरी 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक भोजशाला स्थित बीमा अस्पताल परिसर के अंदर गाड़ी अड्डा चौराहा, आगर रोड पर दोपहर 1 बजे आयोजित होगी।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। स्वामी विवेकानंद, जिन्हें विश्व नायक और युगदृष्टा माना जाता है, ने भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कला, साहित्य, संगीत और नृत्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान कार्यक्रम की एक विशेषता 51 प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान है, जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बने हैं। इन युवाओं को स्वर्गीय ओ.पी. भटनागर की स्मृति में शशि राजकुमार भटनागर सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने और समाज के अन्य युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिया जाएगा। स्वर्णिम भारत मंच के दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि 5 जनवरी 2025 को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में स्वर्णिम भारत मंच के सदस्यों और स्थानीय कार्यकताओं के साथ, समाजसेवियों और युवाओं की भी भागीदारी होगी। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित बनाना है।

## महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज की अध्यक्षता में निकली अटल अखाड़े की पेशवाई

# संगम की रेती पर 13 जनवरी को भव्य महाकुंभ का होगा शुभारंभ

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

अटल पीठाधीश्वर राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती जी महाराज की अध्यक्षता में प्रयागराज कुंभ में अटल अखाड़े की पेशवाई भव्य स्वरूप में निकली।


महाराजश्री के अनुयायी अजीत मंगलम ने बताया कि प्रयागराज में संगम की रेती पर महाकुंभ की चकाचौंध बिखेरने के साथ ही श्रीशंभू पंचदशनाम अटल अखाड़े के छावनी प्रवेश में सांस्कृतिक विविधता के रंग छा गए। सुसज्जित रथों, घोड़ों और बग्घियों पर अखाड़े के महामंडलेश्वर



और महंत चांदी के सिंहासनों पर सवार होकर निकले। बैंडबाजे पर भक्तिधुनों के साथ रास्ते भर पुष्प वर्षा होती रही। अखाड़े के महामंडलेश्वर और संत महात्मा शाही रथों पर रखे चांदी के सिंहासन पर छत्र और चंवर के साथ विराजमान थे। सबसे बड़े और सुसज्जित रथ पर अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद के नेतृत्व में निकली छावनी प्रवेश शोभायात्रा का मेला प्रशासन के अफसरों ने स्वागत किया।

संगम की रेती पर 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ ही भव्य महाकुंभ का शुभारंभ हो जाएगा। इसके लिए अखाड़ों के नागा संन्यासी अभी से अलग- अलग सेक्टरों में अपना धूना लगा रहे हैं। अब तक आठ अखाड़े छावनी प्रवेश कर चुके हैं। शैव परंपरा के प्राचीनतम अखाड़ों में से एक श्रीशंभू पंचदशनाम अटल अखाड़े नगर प्रवेश शोभायात्रा में साधु-संतों का रेला उमड़ पड़ा। अटल अखाड़े के नगर प्रवेश में आस्था और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। अटल अखाड़े की छावनी प्रवेश शोभायात्रा बक्शी बांध स्थित आश्रम से दिन के 11 बजे आरंभ हुई। दारागंज की गलियों से होकर वेणी माधव, निराला चौराहा होते हुए परेड से शोभायात्रा महाकुंभ के लिए अखाड़ा नगर में बसाई गई छावनी में प्रवेश कर गई। छावनी प्रवेश शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा और घोड़े पर डंका निशान चल रहा था। इसके बाद अखाड़े के आराध्य देव भगवान गजानन की पालकी रथ पर सजाई गई थी।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार










# सहजयोग आज का महायोग

**"निर्लिप्त प्रेम ही हृदय को प्रकाशित करता है" - श्री माताजी**

**श्री माताजी ने कहा है कि जब हम अपने जीवन को केवल भौतिक स्तर पर जीते हैं, तो हमारा दृष्टिकोण सीमित और स्वार्थपरक हो जाता है। यह स्वार्थ हमारी सोच और जीवनशैली का हिस्सा बन जाता है। लेकिन जब हम आत्मा के स्तर पर जीने का प्रयास करते हैं, तो हमें एक नई दृष्टि प्राप्त होती है, जो प्रेम और करुणा से परिपूर्ण होती है।**

उनका कहना है कि आत्मा का गहना प्रेम है, जो किसी भी अन्य भावना से ऊपर है। यह प्रेम न केवल हमारे मन को पवित्र करता है बल्कि हमारे आसपास के हर व्यक्ति और चीज को भी ऊर्जा प्रदान करता है। ईश्वर को खुश करने के लिए दान, चढ़ावा, या बाहरी प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है। केवल सच्चे और निर्मल प्रेम से ही भगवान का दिल जीता जा सकता है।

## सच्चा प्रेमः नियंत्रण नहीं, स्वीकृति

श्री माताजी समझाती हैं कि प्रेम का अर्थ किसी पर अधिकार जमाना या उसे नियंत्रित करना नहीं है। परिवार के सदस्यों या अन्य व्यक्तियों से सच्चा प्रेम केवल उनकी अच्छाइयों को स्वीकार करने और उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने में निहित है। जब हम अपने अहंकार और अपेक्षाओं से ऊपर उठते हैं, तभी हम सच्चे प्रेम को महसूस कर सकते हैं।

## सहजयोगः आत्मा की ओर यात्रा

श्री माताजी के अनुसार, सहजयोग ध्यान का माध्यम आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया को सरल बनाता है। यह हमें आत्मा से जोड़कर हमारे भीतर के प्रेम और करुणा को जागृत करता है। सहजयोग के अभ्यास से हम न केवल आंतरिक शांति प्राप्त कर सकते हैं बल्कि दूसरों के साथ सच्चा संबंध भी बना सकते हैं।

जीवन का संतुलन और विनम्रताइ सहजयोग हमें सिखाता है कि कैसे अपने जीवन में आत्म सम्मान और दूसरों के प्रति विनम्रता का संतुलन बनाए रखें। यह हमें हमारे आंतरिक गुणों पर ध्यान केंद्रित करने और बाहरी प्रशंसा की आवश्यकता से मुक्त होने की प्रेरणा



रणजीत टाइम्स

देता है। श्री माताजी ने सहजयोग को जीवन में सच्ची शांति, प्रेम और आध्यात्मिक जागरूकता प्राप्त करने का सरल और प्रभावी माध्यम बताया है। यदि हम अपने मन और हृदय को निर्मल बना सकें, तो हमारे जीवन में प्रेम की अद्भुत ज्योति का उदय होगा।

सहजयोग ध्यान सीखने के लिए आप www.sahajayoga.org.in पर जा सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 2700 800 पर संपर्क कर सकते हैं।

"सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलें, यही जीवन का असली उद्देश्य है।" - श्री माताजी

# गोस्वामी समाज का स्नेह मिलन समारोह शिवपुरी में संपन्न

**ऋषि गोस्वामी**




शिवपुरी। अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज का स्नेह मिलन समारोह शिवपुरी में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक गोस्वामी समाज के लोग शामिल हुए। आयोजन में समाज के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित व्यक्तियों और युवाओ ने भाग लिया, जिसमें विनोद पुरी गोस्वामी और जिला अध्यक्ष अखिलेश पुरी गोस्वामी ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

समारोह के दौरान, समाज के प्रमुख नेताओं ने समाज के बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने पर बल दिया और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि समाज को नई दिशा तभी मिल सकेगी जब इसके सदस्य शिक्षा में अग्रणी होंगे। इसके साथ ही, समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और नशे से दूर रहने पर भी चर्चा की गई। समारोह में यह भी कहा गया कि गोस्वामी समाज सनातन धर्म के अनुयायी होने के नाते, अपने धर्म की दिशा का पालन करते हुए समाज को जोड़ने और मदद करने की दिशा में कार्य करें। समाज के युवाओं को एकजुट होकर समाज सेवा के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उन गोस्वामी समाज के व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने सरकारी सेवाओं में योगदान दिया या समाज की सेवा में अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर 2025 के लिए सभी को शुभकामनाएं दी गई। समारोह में मध्य प्रदेश के गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, श्योपुर, उत्तर प्रदेश के झांसी और राजस्थान के कोटा, बारां जैसे कई जिलों से लोग शामिल हुए, जिससे यह एक भव्य और यादगार आयोजन बन गया।



## खबर एक नजर...

### महाकुंभ में इस्कॉन हर दिन 60 हजार श्रद्धालुओं को कराएगा भोजन

इंदौर। प्रयागराज महाकुंभ में इस्कॉन द्वारा प्रतिदिन 60 हजार श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह श्री श्रीविद्याधाम, इंदौर-डाकोर खालसा एवं हंसदास मठ की ओर से भी पूरे माह शिविर में भोजन, पेयजल, स्वल्पाहार, प्राथमिक चिकित्सा आदि की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के समान समारोह में इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष महामनदास प्रभु ने 60 हजार भक्तों की सेवा की जानकारी दी। फाउंडेशन के संयोजक किशोर गोयल, संजय बांकड़ा ने बताया कि 144 वर्ष बाद आने वाले महाकुंभ के लिए समाज की भागीदारी बढ़नी चाहिए।

### रक्तदान एवं फ्री मेडिकल चेकअप कैंप कल

इंदौर। श्री बीसा नीमा समाज पहली बार श्री भागवत ज्ञान यज्ञ समिति मालवा-निमाड़ के तत्वाधान में रक्तदान शिविर और फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन कर रहा है। बीसा नीमा सकल पंच अध्यक्ष संजय नीमा और शिविर संयोजक युगल नीमा ने बताया कि दाऊलाल नीमा की स्मृति में 5 जनवरी को फतेहपुरिया समाज भवन मल्हारगंज थाने के पास आयोजन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक होगा। समाज के करीब 70 युवक-युवतियों ने रक्तदान की स्वीकृति दी है। मेडिकल कैंप में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स अपनी सेवाएं देंगे। निजी लैब के सहयोग से न्यूनतम दर पर पैथालॉजी टेस्ट भी किए जाएंगे।

### मनमोहन के लिए समाज ने गुरुद्वारा में की अरदास

इंदौर। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सिख समाज ने श्रद्धांजलि दी। गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग दरबार एलआइजी पर कीर्तन, अंतिम अरदास की गई। अमृतसर से आए रागी भाई गुरदेव सिंह कोहरका, दरबार साहिब अमृतसर ने कीर्तन किया। इसके साथ ही अंतिम अरदास, भोग और लंगर का का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष मोनू भाटिया, प्रीतपाल सिंह भाटिया, बंटी भाटिया, सनी राजपाल, सच सलूजा और रघुवीर सिंह सहित बड़ी संया में सिख समाजजन मौजूद रहे।


### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकल रहीं प्रभातफेरियां

इंदौर। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर 32 गुरुद्वारों में प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। संगत गुरु की वाणी का गायन कर रही हैं। रतनजीत सिंघ शैरी ने बताया, शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरु हर राय साहब न्यू रानी बाग में भी भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। शनिवार को गुरुद्वारा इमली साहिब में 32 से अधिक प्रभातफेरियों का स्वागत गुरु सिंघ सभा की ओर से अध्यक्ष हरपाल सिंह मोनू भाटिया, सचिव प्रतिपाल सिंह बंटी भाटिया और समस्त सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

### शहर में बनेंगे पांच नए फायर स्टेशन, नए फायर फाइटिंग वाहन भी खरीदेंगे

इंदौर। शहर में पांच नए फायर स्टेशन बनेंगे। ये स्टेशन स्कीम 78, देवगुराड़िया, राऊ, धार रोड और आईएसबीटी कुमेड़ी में प्रस्तावित हैं। यह निर्णय शुक्रवार को जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में लिया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा, इसके लिए जमीन चिह्नित कर शीघ्र आवंटन प्रक्रिया पूरी करेंगे। तय हुआ कि फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के दल के सदस्यों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपायों से लैस किया जाएगा। जरूरत के अनुसार अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए फायर फाइटिंग वाहन और अत्याधुनिक संसाधन भी खरीदे जाएंगे। इसमें 30 मीटर क्षमता के हाइड्रोलिक लेडर युक्त वाहन भी शामिल हैं।

# परम पूज्य मुनि प्रमाण सागर जी संसघ का मंगल प्रवेश





**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज जी एवं नवाचार आचार्य श्री समय सागर जी महाराज जी के परम शिष्य पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ का मंगल आगमन आज सुबह श्री शांतिनाथ दि. जैन त्रिमूर्ति मंदिर कालानीनगर में हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि कालानी नगर समाज ने भव्य मंगल अगवानी की। इस अवसर पर राकेश चेतक, प्रदीप बल्ला, प्रवीण केवलारी एवं युवा मंडल एवं महिला मंडल ने भव्य अगवानी की ततपश्चात परम पुज्य मुनि श्री की मंगल दिव्य देशना कालानीनगर विद्यासागर मंडप में हुई, हजारों कि संख्या में समाज जन सामिल हुए। पार्षद शिखा संदीप दुबे भी मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित रहे। आहार चर्या कालानीनगर में हुई आज का शंका समाधान कार्यक्रम 5.45 पर श्री शांतिनाथ दि जैन त्रिमूर्ति मंदिर कालानीनगर से ही होगा। कल सुबह की मंगल प्रवचन प्रातः 8:40 से कालानीनगर में ही होंगे।

# पीथमपुर में बाजार खुले, काम पर लौटे लोग

## इमरजेंसी मीटिंग में सीएम बोले- जहरीले कचरे पर कोर्ट के सामने रखेंगे जनभावना और हालात



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे का विरोध कर रहे पीथमपुर में हालात सामान्य हो रहे हैं। शनिवार सुबह बस स्टैंड स्थित धरना स्थल खाली पड़ा रहा। दुकानें भी खुली रहीं। लोग दफ्तरों और फैक्ट्रियों में काम करने पहुंचे।

इससे पहले शुक्रवार रात को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीथमपुर के हालात पर इमरजेंसी बैठक की। बैठक के बाद सीएम ने कहा- जनभावनाओं का आदर करते हुए हाईकोर्ट के सामने सभी परिस्थितियों और व्यावहारिक कठिनाइयों को रखेंगे। उसके बाद ही कोई कार्रवाई करेंगे। न्यायालय जैसा आदेश देगा, हम उसका पालन करने के लिए तत्पर रहेंगे। तब तक हम आगे नहीं बढ़ेंगे, जब तक माननीय न्यायालय इस बारे में कोई आदेश जारी नहीं कर दे। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, धार विधायक नीना वर्मा और मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने कहा- हमारी सरकार जनकल्याणकारी, जनहितैषी तथा जनभावनाओं का आदर करती है। मैं जनता से अपील करता हूं कि किसी भी अफवाह या भ्रम की खबरों पर विश्वास नहीं करें। मैं और मेरी सरकार आपके साथ है।

### पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा निष्पादन का विरोध

बुधवार रात को भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से करीब 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा 10 कंटेनर में भरकर पीथमपुर भेजा गया था। इसे रामकी एनवायरो इंडस्ट्रीज में जलाया जाना है। पीथमपुर के लोग, संगठन, समाज और राजनीतिक दल इस जहरीले रासायनिक कचरे को यहां नष्ट करने का विरोध कर रहे हैं। गुरुवार सुबह से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन का दौर आज तीसरे दिन शनिवार को भी जारी है। पीथमपुर में महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर धरना दिया जा रहा है। इसमें पीथमपुर बचाओ समिति, पीथमपुर रक्षा मंच, कांग्रेस, भाजपा, राठौर समाज, क्षत्रिय समाज, सेन समाज, आदिवासी समाज, ऑल ट्रेड यूनियन समेत अन्य संगठन शामिल हैं।

### पुलिस पर हुआ पथराव जवाब में चली लाठियां

इससे पहले पीथमपुर में शुक्रवार सुबह से हो रहा प्रदर्शन शाम को और तेज हो गया। पावर हाउस चौराहे पर भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। इस दौरान पुलिसकर्मी एक महिला को घसीटते नजर आए। छत्र छाया चौराहे पर भी पुलिस ने लोगों पर लाठियां चलाई। दोपहर में पीथमपुर के ही गुडलक चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भी पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें खदेड़ा।

# प्रयागराज के लिए एयर कनेक्टिविटी मिली, दो घंटे में पहुंच सकेंगे महाकुंभ

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

प्रयागराज महाकुंभ के लिए एलाइंस एयर ने इंदौर से सीधी फ्लाइट की घोषणा की है। अब 2 घंटे में दोनों शहरों के बीच उड़ान भरी जा सकेगी। 10 जनवरी से हर शनिवार को इंदौर से और हर सोमवार को प्रयागराज से रात में उड़ान संचालित की जाएगी। एयरलाइंस से इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। उड़ान कुंभ के लिए ही शुरू की गई है। इंदौर से प्रयागराज के लिए 11, 18 और 25 जनवरी और प्रयागराज से इंदौर के लिए 13, 20 और 27 जनवरी के लिए बुकिंग की जा सकेगी। एलाइंस एयर ने प्रयागराज के लिए जिस उड़ान की घोषणा की है, वह रोजाना दिल्ली आने-जाने वाली उड़ान है। दिल्ली से इंदौर आकर सीधे प्रयागराज के उड़ान भरी जाएगी। इसी तरह प्रयागराज से इंदौर आकर उड़ान दिल्ली रवाना होगी। इंदौर से प्रयागराज के लिए यह सीधी उड़ान होगी।

**दिल्ली उड़ान का नया शेड्यूल**

- **इंदौर से दिल्ली :** उड़ान संख्या 9आई-628 रोजाना रात 8.25 बजे इंदौर से उड़कर रात 10.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

**प्रयागराज उड़ान का शेड्यूल**

- **इंदौर-प्रयागराज :** उड़ान संख्या 9आई-342 प्रत्येक शनिवार को उड़ान रात 8.05 बजे रवाना होगी और रात 10.05 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।
- **प्रयागराज-इंदौर :** उड़ान संख्या 9आई-340 प्रत्येक सोमवार को शाम 7.40 बजे प्रयागराज से उड़ान भरेगी और रात 9.40 बजे इंदौर आएगी।

# पोहा-जलेबी और कचोरी-समोसे बेचने के लिए लाइसेंस अनिवार्य

## प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री ने खाद्य विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

शहर में पोहा-जलेबी, समोसा-कचोरी या अन्य किसी भी खाद्य पदार्थ की बिक्री करने वाले दुकानदारों, वेंडर्स को फूड सेफ्टी लाइसेंस लेना आवश्यक व अनिवार्य है। खाद्य विभाग जांच के बाद कार्रवाई करेगा। यह बात प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को खाद्य विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कही।

उन्होंने कहा, सरकार ने खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट रोकने और स्वास्थ्य मानकों को बेहतर बनाने के लिए यह निर्णय लिया है। इंदौर में बनी लैब का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री से व्यवस्थित ऑफिस भवन की मांग भी सभी कर्मचारियों ने की। 1998 से इस जर्जर भवन में खाद्य विभाग के ऑफिस का



संचालन किया जा रहा है। फूड सेफ्टी विभाग की एक लैब शहर में बन रही है। जहां इसे शिफ्ट करने की योजना थी लेकिन वह भी अभी तक उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। फिलहाल ऑफिस कही ओर शिफ्ट किए जाने या आधुनिकीकरण का आश्वासन भी मंत्री ने दिया है।

### रो दी महिला कर्मचारी

मंत्री को ऑफिस की दुर्दशा संबंधित जानकारी देने के दौरान एक महिला कर्मचारी रो दी। महिला कर्मचारी नंदा पंवार ने कहा, इस ऑफिस की हालत जर्जर है। सालों से सुविधाओं के अभाव में सभी काम कर रहे हैं। जब्त की गई मिलावटी खाद्य सामग्री सालों पड़े रहने से खराब होती है। दुर्गंध के बीच ही काम करते हैं। यहां सांप, अजगर, बिच्छू निकल चुके हैं। पुराने खप्पर वाले भवन में पिछले 26 साल से ऑफिस का संचालन किया जा रहा है। यहां रखे घी व अन्य खाद्य पदार्थ भी सड़ने की स्थिति में आ चुके हैं। कई सामग्री चूहों ने नष्ट कर दी है। दीवारें जर्जर हो चुकी हैं।

### 161 प्रकरणों में 95 लाख का लगाया जुमार्ना

खाद्य पदार्थों में मिलावट, अवमानक या मिथ्या छाप पाए जाने की पुष्टि के बाद एडीएम कोर्ट में एक साल में 181 प्रकरण दायर हुए। इसमें 1 करोड़ 74 लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना पारित किया गया। साल 2024 में कोर्ट में 161 मामलों में संस्थानों ने 94 लाख 83 हजार 500 रुपए का जुर्माना जमा कराया है। यह राशि पिछले पांच साल में सबसे अधिक रही। एडीएम गौरव बेनल ने बताया, खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद सैंपल भोपाल स्थित खाद्य विभाग की लैब में जांच के लिए पहुंचते हैं। वहां से रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )